लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

## सबसे पहले, सबसे सटीक

# राजस्थान LDC 2024


## प्रथम पारी

# ANSWER KEY

## PAPER SOLUTION

YouTube LIVE

11 August 2024




QR Code स्कैन कर
लक्ष्य क्लासेज के यूट्यूब चैनल
पर पेपर का कंप्लीट सॉल्यूशन
प्राप्त करें।


सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™
Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)
M. 6376491126, 9079798005

**1. यदि डेटा k, (2k-1), (3k+2), 5,8,10 का माध्य (मीन) 9 है, तो इसका माध्यिका (मिडियन) क्या है?**
(A) 7.7 (B) 8
(C) 11 (D) 8.5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**2. $\frac{1}{2}(log\,x + log\,y)$ और $log\left(\frac{x+y}{2}\right)$ बराबर होगें, यदि**
(A) $x = y$ (B) $x = \sqrt{y}$
(C) $y = 0$ (D) $x = \frac{y}{2}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**3. $\left(log_9 27 + log_8 32\right)$ का मान है-**
(A) 7 (B) $\frac{19}{6}$
(C) 4 (D) $\frac{7}{2}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**4. मनुष्यों में लिंग निर्धारण ................ प्रकार के गुणसूत्र पर आधारित होता है।**
(A) X O (B) Y O
(C) X Y (D) X X
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**5. डीएनए से प्रोटीन बनने की सही प्रक्रिया की पहचान करें**

$$DNA \xrightarrow{(a)} mRNA \xrightarrow{(b)} Protein$$

(A) a : रेप्लिकेशन b: ट्रांस्क्रिप्शन
(B) a : रेप्लिकेशन b: ट्रांसलेशन
(C) a : ट्रांसलेशन b : ट्रांस्क्रिप्शन
(D) a : ट्रॉस्क्रिप्शन b : ट्रांसलेशन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**6. निम्न को उनकी खाद्य श्रृंखला में प्राथमिक उपभोक्ता के रूप में चयन करें और सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें:**
(A) गन्ना तना भेदक, मेंढ़क, बाघ
(B) सांप, मछली, पक्षी
(C) मछली, मेंढ़क, टिड्डा
(D) टिड्डा, हिरण, गन्ना तना भेदक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**7. निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक फोरेंसिक विज्ञान में पहचान करने के लिये उपयोगी तरीका है?**
(A) ऑटोरेडियोग्राफी (B) जीन थेरेपी
(C) आर.एन.ए इंटरफेरेंस (D) डी.एन.ए फिंगरप्रिंटिंग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**8. निम्नलिखित में से कौनसा आग्नेय चट्टान का उदाहरण है?**
(A) ग्रेनाइट (B) संगमरमर
(C) बलुआ पत्थर (D) स्लेटी पत्थर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**9. प्रथम चरण में कौनसा जिला इंदिरा गाँधी नहर परियोजना का हिस्सा नहीं था?**
(A) बीकानेर (B) जोधपुर
(C) हनुमानगढ़ (D) गंगानगर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**10. सन् 2023 में वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष के रूप में किसका चयन हुआ था?**
(A) अजय बंगा (B) जनार्दन प्रसाद
(C) प्रवीण सूद (D) अमित अग्रवाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**11. त्रिभुज ABC की भुजा BC पर बिंदु D इस प्रकार है कि AD, ∠BAC को समद्विभाजित करता है तो निम्न मे से कौनसा सही है-**
(A) BA > BD (B) BA = BD
(C) BD > BA (D) BD – CD
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**12. डेटा 5, 3, 8, 11, 13, 8, 19 और 24 में से (2 माध्यिका (मिडियन) माइनस मोड) मान ज्ञात कीजिए:**
(A) 10 (B) 11
(C) 8 (D) 9.5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**13. यदि 40 मीटर लम्बी सीढ़ी को $20\sqrt{3}$ मीटर ऊंची दीवार के सम्मुख इस प्रकार से रखा जाए कि वह दीवार के शीर्ष तक पहुंच जाए, तो सीढ़ी के आधार से दीवार के शीर्ष की ऊंचाई का कोण है:**
(A) 60° (B) 50°
(C) 30° (D) 45
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**14. कौनसा संविधान संशोधन अधिनियम दल बदल विरोधी कानून से सम्बंधित है?**
(A) 52वाँ संविधान संशोधन - 1985
(B) 64वाँ संविधान संशोधन - 1989
(C) 42वाँ संविधान संशोधन - 1976
(D) 44वाँ संविधान संशोधन - 1978
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**15. मौरीशस द्वीप कहाँ स्थित है?**
(A) प्रशांत महासागर (B) ऑर्कटिक महासागर
(C) हिन्द महासागर (D) अटलांटिक महासागर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**16. निम्नलिखित में से किसने शाही दरबार में सिजदा और पाइबोस की प्रथा आरम्भ की?**
(A) बलबन
(B) रज़िया सुल्तान
(C) इल्तुतमिश
(D) जलाल-उद-दीन-फिरोज़ खिलजी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**




**17. सिसोदिया राजपूतों का कौनसा किला गम्भीरी और बेराच (बेड़च) नदी के तट पर स्थित है?**
(A) भैंसरोड़गढ़ का किला (B) माँडलगढ़ का किला
(C) चितौड़गढ़ का किला (D) तारागढ़ का किला
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I रोग | सूची-II कारक जीव |
|---|---|
| a. फाइलेरियासिस | I. हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा |
| b. न्यूमोनिया | II. प्लास्मोडियम |
| c. मलेरिया | III. सालमोनेला |
| d. टाइफाइड | IV. वुचेरेरिया |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) a-IV, b-I, c-II, d-III (B) a-I, b-IV, c-III, d-II
(C) a-I, b-III, c-II, d-IV (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**19. निम्नलिखित में से कौन, फैराडे के नियम का उपयोग करके यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है?**
(A) बैटरी (B) रेक्टिफायर
(C) इलेक्ट्रिक मोटर (D) इलेक्ट्रिक जनरेटर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**20. उस कथन की पहचान करें जोकि जंग लगने के संबंध में गलत है।**
**a. लोहे की रॉड पर पेंट का कोट जंग को रोकता है।**
**b. गेल्वेनाइज़्ड वाटर पाइप आमतौर पर घरों में प्रयोग नहीं होते है।**
**C. जंग लगना एक भौतिक परिवर्तन है।**
**d. नमकीन पानी जंग की प्रक्रिया को तीव्र करता है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) केवल a, b और c (B) केवल b और c
(C) केवल a और d (D) केवल a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**21. सोडियम धातु ............ में भंडारित होती है:**
(A) पेट्रोल (B) पानी
(C) केरोसिन (D) अल्कोहल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**22. साबुन और डिटरजेंट से संबंधित सत्य कथन की पहचान करें।**
**a. साबुन सल्फ्यूरिक एसिड की लंबी श्रृंखला के सोडियम या पोटैशियम लवण होते हैं जबकि डिटरजेंट आम तौर पर कार्बोक्सिलिक एसिड के सोडियम लवण होते हैं।**
**b. जब साबुन के अणु पानी और गंदगी (तेल) के संपर्क में आते है तो वे मिसेल्स बनाते हैं।**
**c. ये मिसेल्स पानी में मौजूद गंदगी को बाहर निकालने में सक्षम हैं।**
**d. साबुन कठोर जल में भी प्रभावकारी हैं।**
**e. कठोर जल में डिटरजेंट अप्रभावी रहता है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) b और c (B) a और d
(C) a, b और e (D) b और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**23. निम्नलिखित में से कौनसी क्षारीय धातु नहीं है?**
(A) पोटैशियम (B) पारा
(C) लिथियम (D) सोडियम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**24. राजस्थान की शुष्क भूमि के संबंध में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) इसमें नाइट्रोजन और ह्यूमस पर्याप्त मात्रा में होता है।
(B) ये मृदा अनुर्वर हैं क्योंकि इनमें ह्यूमस कम मात्रा में पाए जाते हैं।
(C) शुष्क मृदा का रंग लाल से भूरे रंग तक होता है।
(D) शुष्क मृदा सामान्यत: संरचना से बलुई और प्रकृति से लवणीय होती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**25. निम्नलिखित नदियों को भारत के नक्शे पर बताये अनुसार उत्तर से दक्षिण की तरफ व्यवस्थित करें:**
a. गोदावरी b. कावेरी
C. चम्बल d. नर्मदा
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) c, a, d, b (B) c, b, a, d
(C) c, a, b, d (D) c, d, a, b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**26. "इलाही एरा" कैलेंडर किसने जारी किया था?**
(A) अकबर (B) जहाँगीर
(C) हुमायूँ (D) शाहजहाँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**27. डेटा 6, 16, 12, 4, 7, 35, 39 और 3 के माध्य (मीन) और माध्यिका (मिडियन) का अंतर ज्ञात करें:**
(A) 5.75 (B) 9.75
(C) 0 (D) 4.25
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**28. एक कक्षा में लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या से एक कम है। यदि लड़कों और लड़कियों की संख्या का गुणनफल 272 है, तो कक्षा में लड़कियों की संख्या कितनी है?**
(A) 16 (B) 17
(C) 15 (D) 14
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**29. एक वर्ग और एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप समान है। यदि वर्ग का विकर्ण $12\sqrt{3}$ cm है तब त्रिभुज का क्षेत्रफल (in cm²) में कितना है?**
(A) $32\sqrt{3}$ (B) $64\sqrt{3}$
(C) $24\sqrt{3}$ (D) $4\sqrt{3}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**30. यदि $4x^3 + kx$ का गुणनखंड $2x + 1$ है, तो $k$ का मान होगा?**
(A) –1 (B) 4
(C) 2 (D)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**31. यदि $\frac{x}{x^2-2x+1} = \frac{1}{4}$, तो $x^3 + \frac{1}{x^3} =$**
(A) 216 (B) 238
(C) 198 (D) 210
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**32. अमृता देवी विश्नोई किसके लिए प्रसिद्ध है?**
(A) खेजड़ी के पेड़ो को बचाने के लिए
(B) भगत आन्दोलन के लिए
(C) महिला सशक्तिकरण के लिए
(D) ग्रामीण विकास के लिए
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**33. तेजाजी का जन्म किस जिले में हुआ था?**
(A) सीकर (B) जोधपुर
(C) अजमेर (D) नागौर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**




Register Now 6376491126 GET IT ON Google play Lakshya Classes

**34. उस सुप्रसिद्ध "मांड गायक" का नाम बताएं जिसने कि गीत 'केसरिया बालम आओ नि पधारो म्हारेदेश' को अमरत्व प्रदान किया।**

(A) गावरी देवी (B) अल्लाह जिलाई बाई
(C) पीरु सिंह (D) श्यामल दास
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**35. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए**

| सूची-I लोक कला | सूची-II सामग्री |
|---|---|
| a. पाने | I. लकड़ी |
| b. फड़ | II. दीवार और फर्श |
| c. मांडना | III. कपड़ा |
| d. कावड़ | IV. कांगज |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए-**

(A) a-III, b-IV, c-II, d-I (B) a-II, b-III, c-I, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**36. तालिका में वर्ष 2005, 2006, 2007 और 2008 में विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने वाले मानविकी, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्रों की संख्या दर्शायी गयी है:**

| Year | Humanities | Science | Commerce |
|---|---|---|---|
| 2005 | 970 | 912 | 750 |
| 2006 | 812 | 940 | 757 |
| 2007 | 985 | 1134 | 1032 |
| 2008 | 974 | 810 | 1121 |

**दर्शाए गए वर्षों के दौरान प्रति वर्ष वाणिज्य संकाय में प्रवेश पाने वाले छात्रों की प्रति वर्ष औसत संख्या क्या है?**

(A) 912 (B) 915
(C) 903 (D) 908
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**


**37. तालिका में वर्ष 2005, 2006, 2007 और 2008 में विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने वाले मानविकी, विज्ञान और वाणिज्य संस्थान के छात्रों की संख्या दर्शायी गयी है।**

| Year | Humanities | Science | Commerce |
|---|---|---|---|
| 2005 | 970 | 912 | 750 |
| 2006 | 812 | 940 | 757 |
| 2007 | 985 | 1134 | 1032 |
| 2008 | 974 | 810 | 1121 |

**2005 और 2006 में मानविकी संकाय में प्रवेश लेनेवाले छात्रों की संख्या का अनुपात 2007 और 2008 में विज्ञान संकाय में एक साथ प्रवेश लिए गए का अनुपात है:**

(A) 12 : 13 (B) 13 : 15
(C) 10 : 11 (D) 11 : 12
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**38. नीचे दिए गए पाई-चार्ट में A, B, C, D और E एक पुस्तक के प्रकाशन में क्रमशः कागज, मुद्रण, विविध कार्य, बाइंडिंग और रॉयल्टी की लागत का प्रतिनिधित्व करते हैं:**




**₹ 185/- प्रति पुस्तक की लागत वाली पुस्तक की 10,000 प्रतियां प्रकाशित करने के लिए विविध कार्यों पर कितना खर्च किया जाता है?**

(A) ₹ 5,40,000 (B) ₹ 5,55,000
(C) ₹ 5,00,000 (D) ₹ 5,25,000
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**39. 100 मीटर लंबाई और 80 मीटर चौड़ाई वाले एक आयताकार बगीचे को बाहर से 2.5 मीटर चौड़े मार्ग से घेरा जाता है। ₹ 120 प्रति वर्ग मीटर की दर से मार्ग को पक्का करने की लागत क्या है?**

(A) ₹ 1,11,000 (B) ₹ 1,16,000
(C) ₹ 1,08,000 (D) ₹ 1,10,000
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**40. एक आयत की लंबाई 30 से.मी. है और इसका क्षेत्रफल 720 सेमी$^2$ है। केवल लंबाई वृद्धि करने में इस का क्षेत्रफल मूल क्षेत्रफल से $1\frac{1}{4}$ गुना बढ़ जाता है। नए आयत का परिमाप (सेमी में) है:**

(A) 119 (B) 121
(C) 123 (D) 125
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**41. एक मीनार के शीर्ष के दो बिंदुओं P और Q, जो मीनार के आधार से एक सीधी रेखा में क्रमशः 10 मी. और 5 मी. की दूरी पर हैं, से उन्नयन कोण पूरक हैं। मीनार की ऊँचाई है :-**

(A) $5\sqrt{3}$ मीटर (B) 5.5 मीटर
(C) 6 मीटर (D) $5\sqrt{2}$ मीटर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**42. एक ठोस सिलेंडर के आधार की त्रिज्या और ऊंचाई का अनुपात 2 : 3 है और इसका आयतन 1617 सेमी$^3$ है। सिलेंडर का कुल सतह क्षेत्रफल (सेमी$^2$ में) क्या है? $\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$**

(A) 770 (B) 786
(C) 462 (D) 616
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**43. बिन्दु A के निर्देशक ज्ञात करें जहां पर कि AB एक वृत्त का व्यास है जिसका केंद्र (2, –3) और B (1, 4) है।**

(A) (3, –10) (B) (4, 3)
(C) (0, 11) (D) (5, –2)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**44. एक कमरे की लंबाई इसकी चौड़ाई से दोगुनी है। छत को रंगने की लागत ₹ 25 प्रति वर्ग मीटर की दर से ₹ 5,000 है और चार दीवारों की रंगाई की लागत ₹ 240 प्रति वर्ग मीटर की दर से ₹ 64,800 है तो कमरे की ऊंचाई है:**

(A) 3.5 मीटर (B) 5 मीटर
(C) 4 मीटर (D) 4.5 मीटर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**45. जमीन से 300 मीटर की ऊंचाई पर उड़ने वाला एक हवाई जहाज उसी क्षण उर्ध्वाधर से दूसरे विमान के उपर से गुजरता है जब जमीन पर एक ही बिन्दु से दो विमानों का उन्नयन कोण 60° और 45° क्रमशः हो। जमीन से निचले विमान की ऊंचाई (मीटर में) है-**

(A) $100\sqrt{3}$ (B) $150\left(\sqrt{3}+1\right)$
(C) 50 (D) $\frac{100}{\sqrt{3}}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**46. एक जन्मदिन की टोपी एक शंकु के आकार की है जिसका आधार त्रिज्या 7 से.मी. और ऊंचाई 24 से.मी. है। ऐसी पांच टोपियां बनाने हेतु आवश्यक शीट का क्षेत्रफल (सेमी$^2$ में) है.**

$\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$

(A) 2750 (B) 3000
(C) 2640 (D) 2700
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**47.** $\frac{\sin 29^0}{\cos 61^0} + 2\tan 11^0 \tan 31^0 \tan 45^0 \tan 59^0 \tan 79^0 - 3(\sin^2 20^0 + \sin^2 70^0)$ **का मान है**

(A) 1 (B) 0
(C) 2 (D) –1
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**48.** $\sqrt{90 + \sqrt{90 + \sqrt{90 + ?}}} = ?$

(A) 18 (B) 20
(C) 9 (D) 10
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**49. यदि दो संख्याओं में 24 का अंतर है और उनका गुणनफल 112 है तो संख्याओं का योग है -**

(A) 32 (B) 36
(C) 28 (D) 40
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**50. A ने ₹ 1,00,000 निवेश करके एक व्यवसाय आरंभ किया, 3 माह पश्चात B कुछ निवेश के साथ उससे जुड़ गया। वर्ष के अंत में, ₹ 1,80,000 के कुल लाभ में से A को लाभ के रूप में B के हिस्से से ₹ 36,000 कम मिले। B ने कितना निवेश किया था?**

(A) ₹ 1,95,000 (B) ₹ 2,00,000
(C) ₹ 1,84,000 (D) ₹ 1,90,000
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**51. वह अनुपात क्या है जिसमें (1,-5) और (4, 5) को जोड़ने वाला रेखा खंड x-axis से विभाजित होता है?**

(A) 2 : 3 (B) 1 : 1
(C) 1 : 4 (D) 3 : 2
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**52. किस बंदरगाह पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए हल्दिया बंदरगाह को एक सहायक बंदरगाह के रूप में विकसित किया गया था?**

(A) कोलकाता (B) तूतीकोरिन
(C) चेन्नई (D) पाराद्वीप
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**53. हिमालय के किस भाग में 'करेवा' भू आकृति मिलती है?**

(A) उत्तर पूर्वी हिमालय (B) हिमाचल-उत्तराखण्ड हिमालय
(C) पूर्वी हिमालय (D) कश्मीर हिमालय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**54. निम्नलिखित में से कौनसा वन्य जीव अभयारण्य राजस्थान में स्थित है?**

(A) चिन्नार (B) पेरियार
(C) रामगढ़ विषधारी (D) गोविन्द
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**55. आइज़ोल राजधानी है:**

(A) मणिपुर की (B) नागालैंड की
(C) मिजोरम की (D) त्रिपुरा की
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**




**56. चार प्रतिरोध 1 Ω, 2 Ω, 4 Ω और 4 Ω को संयोजन का सबसे कम प्रतिरोध प्राप्त करने के लिए चारो को एक सर्किट में जोड़ा गया हैं इसका परिणाम होगा:**

(A) 1 Ω (B) 1.5 Ω
(C) 0.5 Ω (D) 0.25 Ω
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**57. दो तंत्रिका कोशिका के मध्य खाली स्थान को कहते है-**

(A) एक्सान (B) आवेग
(C) द्रुमिका (D) सिनेप्टिक क्लेफ्ट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**58. उस कथन की पहचान करें जोकि कार्बन योगिकों के लिए सत्य है:**

a. वे कार्बन परमाणुओं की लंबी श्रृंखलाएँ बनाते हैं जो शाखा और वलय संरचनाओं में व्यवस्थित होते हैं।
b. वे विद्युत के अच्छे संवाहक होते हैं।
c. उनके गलनांक और क्वथनांक उच्च होते हैं।
d. वे सह संयोजक बंधन बनाते हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से दिए गए। सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**

(A) केवल a, c और d (B) केवल a, b और d
(C) केवल a और c (D) केवल a और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**59. राजस्थान के विभिन्न लोक नृत्य रूपों के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**

(A) वर्ष 2022 में यूनेस्को ने वालर नृत्य शैली को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर में शामिल किया था।
(B) जसनाथी पंथ का अग्नि नृत्य रूप बीकानेर के कतरियासर गाँव में उत्पन्न हुआ।
(C) घुड़ला घुड़ला नृत्य केवल महिलाओं के द्वारा किया जाता है।
(D) बम नृत्य अलवर और भरतपुर क्षेत्र का एक प्रसिद्ध नृत्य है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**60. गणगौर पर्व समर्पित है ______________ ?**

(A) भगवान राम (B) भगवान कृष्ण
(C) देवी लक्ष्मी (D) देवी पार्वती
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**61. एक 384 सेमी$^2$ के सतह क्षेत्र वाले बड़े घन को पिघलाकर प्राप्त सामग्री से कितने छोटे घन बनाए जा सकते हैं, जिनमें प्रत्येक का सतह क्षेत्र 96 सेमी$^2$ है?**

(A) 80 (B) 4
(C) 8 (D) 50
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**62. A, B और C एक साझेदारी में $\frac{7}{2} : \frac{4}{3} : \frac{6}{5}$ के अनुपात में निवेश करते हैं, 4 माह पश्चात A ने अपने हिस्से मे 50% वृद्धि की। यदि एक वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹ 21,600 आता है तो लाभ में B का हिस्सा है:**

(A) ₹ 600 (B) ₹ 4000
(C) ₹ 2100 (D) ₹ 2400
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**63. विपुल टूर पर है और उसके पास अपने खर्चे के लिए 360 रुपये हैं। यदि वह अपने टूर से 4 दिन आगे निकल जाता है, तो उसे अपने दैनिक खर्चों में 3 रुपये की कटौती करनी होगी। विपुल कितने दिनों के लिए टूर पर है?**
(A) 19 (B) 20
(C) 19 (D) 21
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**64. लोक कथाएं (1960-1975) के संग्रह से उद्धृत 'बातां री से फुलवारी' के लेखक कौन थे?**
(A) कन्हैया लाल सेठिया (B) गावरी देवी
(C) बीरबल सिंह (D) विजयदान देथा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**65. निम्नलिखित में से कौनसा नगर भारत का प्रथम आर्द्र भूमि (वेटलैंड) नगर बना?**
(A) भोपाल (B) इंदौर
(C) शिलांग (D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**66. यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = \frac{17}{4}, x > 0$, तब $x^3 + \frac{1}{x^3}$ का मान क्या होगा?**
(A) $\frac{65}{8}$ (B) $\frac{17\sqrt{17}}{8}$
(C) $\frac{-9}{8}$ (D) $\frac{185}{8}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**67. निम्नलिखित में से कौनसा $(x + y)^3 - (x^3 + y^3)$ का गुणनखण्ड हैं/है?**
**a. $x^2 + y^2 + 2xy$ b. $x^2 + y^2 - xy$**
**c. $xy^2$ d. $xy$**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) केवल a, c और d (B) केवल a और c
(C) केवल b और d (D) केवल d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**68. "आनंद मठ" उपन्यास के लेखक कौन थे?**
(A) लोकमान्य तिलक (B) रंग बापूजी
(C) बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय (D) वीर सावरकर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**69. राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (RIICO) ने निम्न में से किस जिले में एग्रोफूड पार्क विकसित किया है?**
(A) उदयपुर (B) कोटा
(C) जयपुर (D) चुरू
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**70. लन्दन में "इंडिया हाउस" के संस्थापक कौन थे?**
(A) श्यामजी कृष्ण वर्मा (B) वी.डी. सावरकर
(C) मदन लाल धींगरा (D) बालकृष्ण हरि चापेकर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**71. निम्नलिखित में से कौनसा एक कृषि आधारित उद्योग का उदाहरण है?**
(A) पैट्रो रसायन उद्योग (B) चीनी उद्योग
(C) सीमेंट उद्योग (D) लौह-इस्पात उद्योग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**72. आर. टी. आई. (सूचना का अधिकार) विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति किस वर्ष मिली?**
(A) जुलाई 1994 (B) जून 2000
(C) जून 2005 (D) अप्रैल 2015
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**73. 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', योजना किस वर्ष सम्पूर्ण भारतवर्ष में लागू हुई?**
(A) 2016 (B) 2017
(C) 2014 (D) 2015
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**74. नई दिल्ली में 9वें एशियन खेल किस वर्ष आयोजित हुए?**
(A) 1982 (B) 1983
(C) 1980 (D) 1981 **[A]**
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**75. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :**

| सूची-I<br>भौतिक मात्रा | सूची-II<br>मापने की ईकाई |
|---|---|
| a. विद्युतधारा | I. एम्पीयर सेकंड |
| b. प्रतिरोधकता | II. वोल्ट एम्पीयर |
| c. शक्ति | III. कुलाम/सेकंड |
| d. आवेश | IV. वोल्ट/एम्पीयर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a- III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-III, b-IV, c-II, d-I
(D) a-IV, b-III, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**76. 1981 में इसरो (ISRO) द्वारा प्रक्षेपित किया गया प्रथम भूस्थैतिक उपग्रह कौन सा था?**
(A) एप्पल (APPLE) (B) जीसैट (GSAT)
(C) INSAT-B (इनसेट-बी) (D) आर्यभट्ट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**77. लच्छीराम किस लोक नाटक/कला से सम्बंधित है?**
(A) (कुचामणी खयाल (B) शेखावटी खयाल
(C) जयपुरी खयाल (D) हेला खयाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**78. निम्नलिखित में से कर्नाटक के किस शहर मे लौह-इस्पात संयंत्र स्थित है?**
(A) सलेम (B) बर्नपुर
(C) दर्गापुर (D) भद्रावती
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**79. 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' (Tryst with Destiny) प्रसिद्ध भाषण किसने दिया?**
(A) सरदार वल्लभ भाई पटेल (B) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
(C) महात्मा गाँधी (D) पं. जे.एल.नेहरु
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**80. एक △ ABC में बाह्य कोण ∠B और ∠C के समद्विभाजित बिन्दु O पर मिलते हैं, यदि ∠A= 62°, तब ∠BOC का माप है-**
(A) 59° (B) 56°
(C) 62° (D) 60°
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**81. △ABC और △PQR सर्वांगसम त्रिभुज हैं, यदि ∠ABC = 52° और ∠PRQ = 80°, तब ∠CAB है-**
(A) 52° (B) 80°
(C) 40° (D) 48°
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**82. △ ABC और △ PQR में AB=PQ, ∠B = ∠Q, है तब निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है-**
(A) △ABC और △PQR समरुप नहीं है
(B) △ABC और △PQR समरुप हो सकते हैं अथवा नहीं भी हो सकते हैं
(C) △ABC और △PQR सर्वांगसम है
(D) △ABC और △PQR समरुप है

(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**83. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
कथन I: एकल कोशिका प्रोटीन, पशु और पौधों के पोषण के लिए प्रोटीन का एक वैकल्पिक स्रोत है।
कथन II: स्पिरुलिना एकल कोशिका प्रोटीन में से एक है जो प्रोटीन, खनिज और विटामिन आदि के समृद्ध स्रोत के रूप में कार्य कर सकता है, परंतु इसकी वृद्धि पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि करती है। उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :
(A) कथन I सत्य है किंतु कथन II असत्य है।
(B) कथन I असत्य है किंतु कथन II सत्य है।
(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**84. सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र भारत में कहाँ स्थित है?**
(A) श्रीहरिकोटा (B) हैदराबाद
(C) थिरुवनंतपुरम (D) बेंगलुरु
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**85. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :**

| सूची-I ब्लड ग्रुप | सूची-II प्लाज्मा में एण्टीबॉडीज |
|---|---|
| a. A | I. Anti-A |
| b. B | II. Anti- A, B |
| c. AB | III. Anti- B |
| d. O | IV. Nil |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) a-IV, b-I, c-II, d-III
(B) a-III, b-I, c-IV, d-II
(C) a-I, b-IV, c-III, d-II
(D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**86. जब एक विद्युत धारा प्रकाशित (ले जाने वाली) एल्यूमिनियम की छड़ को चुंबकीय क्षेत्र में रखा जाता है, तो छड़ का विस्थापन सबसे अधिक तब होता है जब विद्युत् धारा की दिशा चुंबकीय क्षेत्र की दिशा-**
(A) से 60° पर होती है (B) से 90° से कम होती है
(C) के समानांतर होती है (D) के समकोण पर होती है
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**87. निम्नलिखित में से कौन सा ट्रांसजेनिक जीव का नतीजा नहीं है?**
(A) गोल्डन राइस (सुनहरा चावल)
(B) पूसा स्वर्णिम (करन राय)
(D) बीटी कॉटन
(C) टमाटर की फ्लेवर सेवर किस्म
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**88. अमीबियासिस ____________ को रोगों के रूप में वर्गीकृत किया गया है-**
(A) बैक्टीरियल (B) वायरल
(C) प्रोटोज़ोअन (D) फंगल
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**89. निम्नलिखित में से कौन सी धातु चाकू से सरलतापूर्वक काटी जा सकती है?**
(A) एल्यूमिनियम (B) कॉपर
(C) लिथियम (D) मैग्नीशियम
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**90. प्रोपेनॉल है: -**
(A) अल्डेहाइड (B) अल्कोहल
(C) अल्केन (D) अल्काइन
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**91. अहमदनगर का विलय मुगल साम्राज्य में ____________ के शासन काल में हुआ।**
(A) शाहजहाँ (B) औरंगज़ेब
(C) अकबर (D) जहाँगीर
(E) अनुत्तरित [A]

**92. "ऑपरेशन फ्लड" ___________ से सम्बंधित था-**
(A) गुलाबी क्रांति (B) श्वेत क्रांति
(D) हरित क्रांति (C) आपदा प्रबन्धन
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**93. निम्नलिखित में से कौन सी भारत की एक कृषि समस्या नहीं है-**
(A) सिंचाई सुविधाओं का अभाव
(B) भूमि की उर्वरता में गिरावट
(C) जुताई भूमि के एक छोटे आकार के भूखण्ड
(D) जैविक खेती को प्रोत्साहन
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**94. निम्नलिखित में से कौन सा बंदरगाह भारत के पश्चिमी तट पर स्थित है?**
(A) पाराद्वीप बंदरगाह (B) कोची बंदरगाह
(C) हल्दिया बंदरगाह (D) तूतीकोरिन बंदरगाह
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**95. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय राज्य बांग्लादेश के साथ अपने राज्य की सीमा साझा नहीं करता है-**
(A) त्रिपुरा (B) मेघालय
(C) असेम (D) मणिपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**96. वेदिका, दुका, अमालक, अमालव शिखर किससे सम्बंधित हैं?**
(A) मंदिर (B) किले
(C) चित्रकारी (पेंटिंग्स) (D) हवेली
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**97. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
कथन : ब्रिटिश सरकार ने 1927 में सर जॉन साइमन की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया जिसे साइमन कमीशन कहा गया।
कथन - II : आयोग में सात सदस्य थे परन्तु उनमें से कोई भी भारतीय नहीं था। उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर
(A) कथन (1) सत्य है, किन्तु कथन (II) असत्य है।
(B) कथन (1) असत्य है, किन्तु कथन (II) सत्य है।
(C) कथन (I) और (II) दोनों सत्य हैं।
(D) कथन (I) और (II) दोनों असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**98. "उपरमाल पंच बोर्ड" का गठन __________ के द्वारा किया गया था?**
(A) ब्रह्मदेव (B) विजय सिंह पथिक
(C) राव कृष्णा सिंह (D) राम मिलन लोहिया
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**99. $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$ + Heat**
**दिया गया रासायनिक समीकरण है:**
a. एक दोहरी विस्थापन प्रतिक्रिया
b. एक संयोजन प्रतिक्रिया
c. एक विघटन प्रतिक्रिया
d. एक ऊष्माक्षेपी प्रतिक्रिया
नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।
(A) केवल b और c (B) केवल a और d
(C) केवल a और c (D) केवल b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**100. एरीएटेड वाटर आसुत पेय (सोडा पानी)**
a. गैसों का मिश्रण है।
b. तरल घोल में गैस है।
c. गैस के घोल में तरल है।
d. विलेय के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड और विलायक के रूप में
e. विलायक के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड और विलेय के रूप में पानी।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।
(A) केवल a, c और d
(B) केवल b, d और e
(C) केवल c और d
(D) केवल b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**101. राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (N.S.C.) किस वर्ष में संकल्प के साथ स्थापित हुआ था ?**
(A) 2008 (B) 2009
(C) 2004 (D) 2005
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**102. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
कथन - I. सिन्धु सरस्वती सभ्यता नगर योजना हेतु प्रसिद्ध थी।
कथन - II : उन्नत सिन्धु सरस्वती सभ्यता का विकास सिन्धुघाटी की सहायक नदियों और सरस्वती नदी क्षेत्र के किनारे हुआ था।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(B) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**103. सन् 1800 ई में वह कौन व्यक्ति था जिसने आज के राजस्थान को राजपूताना कहा?**
(A) जार्ज कलॉनी (B) जेम्स् रिजु
(C) जार्ज थॉमस (D) जेम्स टॉड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**104. स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग परियोजना के अंतर्गत, पूर्व-पश्चिम गलियारा, इनमें से किन दो शहरों को जोड़ता है?**
(A) राजकोट-सिलचर (B) सिलचर-पोरबंदर
(C) इम्फाल-राजकोट (D) इम्फाल-पोरबंदर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**105. भारत के निम्नलिखित पत्तनो (बंदरगाह) को उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर व्यवस्थित करें:**
a. विशाखापत्तनम् b. पाराद्वीप
c. तूतीकोरिन d. चेन्नई
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) c, b, a, d (B) b, a, d, c
(C) b, a, c, d (D) a, b, d, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**106. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन सी है?**
(A) नंदा देवी पर्वत (B) अन्नपूर्णा पर्वत
(C) एवरेस्ट पर्वत (D) कंचनजंगा पर्वत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**107. आकाश को नीला रंग किस परिघटना के कारण होता है ?**
(A) प्रकाश का वायुमंडलीय अपवर्तन
(B) प्रकाश का प्रतिबिंब (C) प्रकोश का फैलाव
(D) प्रकाश का प्रकीर्णन (E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**108. डी. एन. ए. में कौन सा नाइट्रोजन (बेस) क्षार मौजूद नहीं है ?**
(A) गुआनिन (B) एडेनिन
(C) यूरासिल (D) थाइमिन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**109. मानव-प्रोटीन समृद्ध दूध देने वाली प्रथम ट्रांसजेनिक गाय का नाम था :**
(A) एली लिली (B) कामधेनु
(C) डॉली (D) रोजी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**110. निम्नलिखित में से कौन सिंथेटिक टेक्सटाइल के लिए एक "नोडल (प्रमुख) उद्योग" के रूप में कार्य करती है ?**
(A) पैट्रो रसायन उद्योग (B) पेपर-उद्योग
(C) चीनी मिल (D) प्लास्टिक उद्योग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**111. राजस्थान के निम्नलिखित तांबा खदान केन्द्रों को उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर व्यवस्थित करें:**
a. भीलवाड़ा b. उदयपुर
c. अलवर d. खेतड़ी
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) c, d, a, b (B) c, a, b, d
(C) d, a, c, b (D) d, c, a, b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**112. थेवा कला राजस्थान के किस स्थान से संबंधित है (आरंभ हुई)?**
(A) चुरू (B) प्रतापगढ़
(C) उदयपुर (D) झालावाड़
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**113. संयुक्तराष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ?**
(A) 1947 (B) 1948
(C) 1944 (D) 1945
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**114. उस कथन की पहचान करें, जो कि दीर्घ दृष्टि दोष (हाइपरमेट्रोपिक) वाली नेत्र के लिए सही नहीं है:**
(A) प्रकाश किरणें रेटिना के सम्मुख केंद्रित होती हैं।
(B) व्यक्ति आस-पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख पाता है।
(C) नेत्र का निकटतम बिंदु सामान्य निकटतम बिंदु (25 से.मी.) से अधिक दूर है।
(D) उपयुक्त क्षमता के उत्तल लैंस का उपयोग कर दोष को ठीक किया जा सकता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**115. फोकल दूरी को परिवर्तित करने की नेत्र लेंस की क्षमता जिसमें विभिन्न स्थानों पर रखी वस्तुओं को देखा जा सकता है, कहलाती है________.**
(A) सामंजस्य शक्ति (पावर ऑफ एडजस्टमेंट)
(B) विनियमन शक्ति (पावर ऑफ रेगुलेशन)
(C) देखने की शक्ति (पावर ऑफ विजन)
(D) समंजन क्षमता (पावर ऑफ एकॉमोडेशन)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**116. सर्किट में लघु-सरकिटिंग (circuiting) तब होता है जब -**
(A) लाइव तार और न्यूट्रल तार एक दूसरे से सीधे संपर्क में आते हैं।
(B) दो उपकरणों के न्यूट्रल तार गलती से एक दूसरे से जुड़ गए हों।
(C) परिपथ में धारा का प्रवाह अचानक कम हो जाता है
(D) कई उपकरण एक ही साकेट से जुड़े होते हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**117. फुटलूज उद्योगों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(A) वे थोड़ी मात्रा में उत्पादन करते हैं
(B) ये उद्योग सामान्यतः प्रदूषण नहीं फैलाते हैं
(C) यह विभिन्न प्रकार के स्थानों पर स्थित हो सकता है
(D) वे विशिष्ट कच्चे माल पर निर्भर करते हैं
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**118. कोरापुट खनन केंद्र निम्न में से किस राज्य में स्थित है?**
(A) कर्नाटक (B) ओडिशा
(C) आंध्र प्रदेश (D) महाराष्ट्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**119. निम्नलिखित में से कौन सा घटक आयु-लिंग पिरामिड में परिलक्षित नहीं होता है?**
(A) प्रतिशत में पुरुष सदस्य
(B) प्रत्येक आयु वर्ग में पुरुषों और महिलाओं का प्रतिशत
(C) जनसंख्या घनत्व
(D) प्रतिशत में महिला सदस्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**120. विडाल परीक्षण पुष्टि करता है:**
(A) एड्स (AIDS) (B) डेंगू
(C) मलेरिया (D) टाइफाइड बुखार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**121. किसी बिम्ब का वास्तविक तथा समान साइज़ का प्रतिबिम्ब प्राप्त करने के लिए बिम्ब को उत्तल लेंस के सामने कहाँ रखा जाना चाहिए?**
(A) अनंत पर
(B) लेंस के प्रकाशिक केंद्र और उसके मुख्य फोकस के बीच
(C) लेंस के मुख्य फोकस पर
(D) फोकस दूरी के दोगुनी दूरी पर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**122. यदि एक बहुभुज के प्रत्येक आंतरिक कोण का माप 150° है, तो इसकी भुजाओं की संख्या है:**
(A) 5 (B) 12
(C) 8 (D) 69
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**123. सूची-1 को सूची-II से सुमेलित कीजिए :**

| सूची-I (विटामिन) | सूची-II (उपयोग) |
|---|---|
| a. विटामिन A | I. हड्डियों और दांतों के लिए शरीर में कैल्शियम के प्रयोग में सहायता करता है |
| b. विटामिन C | II. ब्लड क्लोटिंग |
| c. विटामिन D | III. नेत्रों को स्वस्थ रखता है |
| d. विटामिन K | IV. रोगों के विरुद्ध लड़ने में शरीर की सहायता करता है |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :
(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a- IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d- IV
(D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**124. जैसा कि मेंडल द्वारा अध्ययन किया गया है, निम्नलिखित में से कौन सा बगान की मटर के प्रमुख गुण नहीं है?**
(A) पीले बीज का रंग (B) हरी फली का रंग
(C) पूरी/फूली हुई फली (D) अंतिम पुष्प स्थिति
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**125. किसानों पर "चंवरी कर" किसने अधिरोपित किया था?**
(A) पृथ्वी सिंह (B) राव कृष्णा सिंह राव कृष्ण
(C) गंगाराम (D) हामिद हुसैन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**126. निम्नलिखित में से कौन सा औद्योगिक क्रांति का राजनीतिक परिणाम है?**
(A) उत्पादन और वाणिज्य में बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई और आर्थिक असंतुलन पैदा हुआ।
(B) एक नवीन सामाजिक वर्गव का उदय हुआ, नैतिक मूल्यों का ह्रास हुआ और संयुक्त परिवार व्यवस्था बिखर गई।
(C) कुटीर उद्योग नष्ट हो गए।
(D) औद्योगिक क्रांति के माध्यम से औपनिवेशिक प्रतिस्पर्धा को गति मिली।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**127. सार्क (SAARC) का सचिवालय कहाँ पर स्थित है?**
(A) काठमांडू (नेपाल) (B) ढाका (बांग्लादेश)
(C) नई दिल्ली (भारत) (E) अनुत्तरित प्रश्न
(D) थिम्पू (भूटान) **[A]**

**128. 'NATO का पूरा नाम (फुल फॉर्म) है-**
(A) न्यू अटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाईजेशन
(B) नॉर्थ एशियन ट्रीटी आर्गेनाईजेशन
(C) नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाईजेशन
(D) न्यू अटलांटिक ट्रीटी ऑफिस
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**129. मौर्यकालीन प्रशासनिक प्रणाली में निम्नलिखित में से राजस्व वसूली का प्रभारी कौन था जोकि आय का लेखा रखता था?**
(A) सन्निधाता (B) समाहर्ता
(C) लुनाध्यक्ष (D) पुरोहित
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**130. मल्ल महाजनपद की राजधानी निम्नलिखित में से कौन सी थी?**
(A) कौशाम्बी (B) कुशावटी (कुशीनारा)
(C) राजपुर/हटक (D) विदेह और मिथिला
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**131. जैन के प्रथम तीर्थांकर कौन थे?**
(A) ऋषभनाथ (B) महावीर स्वामी
(C) पद्मप्रभा (D) पार्श्वनाथ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**132. "जस्टिस फॉर द जज: एन ऑटोबायोग्राफी" के लेखक कौन हैं?**
(A) संदीप साहू (B) नमिता गोखले
(C) अमृत माथुर (D) रंजन गोगोई
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**133. भारतीय सविंधान के जनक के रूप में किसे जाना जाता है?**
(A) महात्मा गाँधी (B) डॉ.बी.आर. अम्बेडकर
(C) जवाहर लाल नेहरु (D) सरदार पटेल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**134. निम्नलिखित में से कौन सा मौलिक अधिकार, नागरिकों को न्यायालय में जाने की अनुमति देता है,। यदि उन्हें लगता है कि, राज्य द्वारा उनके किसी मौलिक अधिकार का हनन किया गया है-**
(A) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(B) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
(C) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(D) समानता का अधिकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**135. निम्नलिखित में से कौन सा पूंजीवादी अर्थ व्यवस्था का अवगुण है?**
(A) एकाधिकार का उदय
(B) संसाधनों का सर्वोत्तम प्रयोग
(C) उत्पादन की दक्षता और क्षमता में वृद्धि होना
(D) आर्थिक स्वतंत्रता
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**136. मनुष्य की आँख में किस प्रकार का लेंस मौजूद होता है?**
(A) समतलोत्तल (B) समतलावतल
(C) उभयोत्तल (D) उभयावतल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**137. कोयले जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड बनना एक प्रतिक्रिया है:**
(A) ऑक्सीकरण (B) अपघटन
(C) अपचयन (D) विस्थापन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**138. नीचे दिए गए पोषक चक्रों में से कौन सा चक्र अवसादी (सेडीमेन्ट्री) प्रकार का होता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) फॉस्फोरस और कार्बन चक्र
(B) सल्फर और फॉस्फोरस चक्र
(C) कार्बन और सल्फर चक्र
(D) कार्बन और नाइट्रोजन चक्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**139. वायुमंडल की ओजोन परत प्राकृतिक ढाल के रूप में __________ के विरुद्ध कार्य करती है-**
(A) अल्ट्रावायलेट (पराबैंगनी) विकिरण
(B) एक्स रे
(C) इंफ्रारेड विकिरण
(D) गामा विकिरण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**140. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
कथन-I : पशुओं का आहार वैज्ञानिक तरीके से किया जाना चाहिए, जिसमें चारे की गुणवत्ता और मात्रा पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए।
कथन-II : दूध की पैदावार मुख्य रूप से फॉर्म में रखे गए नस्लों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (कथन (I) सत्य है किंतु कथन (II) असत्य है।
(B) कथन (I) असत्य है किंतु कथन (II) सत्य है।
(C) कथन (I) और (II) दोनों सत्य हैं।
(D) कथन (I) और (II) दोनों असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**141. फ्रांसिसी क्रांति के समय फ्रांस का राजा कौन था?**
(A) लुई 19 वाँ (B) लुई 20 वाँ
(C) लुई 16 वाँ (D) लुई 18 वाँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**142. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम धर्मोपदेश कहाँ दिया था?**
(A) बोधगया (B) सारनाथ
(C) गया (D) कपिलवस्तु
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**143. 'अणुव्रत आन्दोलन' के प्रणेता कौन थे?**
(A) विवेकानंद (B) आचार्य तुलसी
(C) केशव चन्द्र सेन (D) दयानंद सरस्वती
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**144. निम्न में से किस किले के बारे में कहा गया है कि यह एक आरमर्ड (बख्तर बंद) किला है-**
(A) नाहरगढ़ (B) रणथम्भौर
(C) सिवाना (D) तारागढ़
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**145. हवा महल का निर्माण किसने करवाया?**
(A) राजा मान सिंह (B) राजा भाटी
(C) सवाई प्रताप सिंह (D) सवाई जय सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**146. किस मुगल बादशाह के दरबार में कैप्टेन हौकिंस और सर थॉमस ने दौरा किया?**
(A) शाहजहां (B) हुमायूँ
(C) अकबर (D) जहाँगीर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**147.** $\left[8 - 5 \div \left\{(4 - 2) + \left(2 + \frac{8}{13}\right)\right\}\right]$ **का मान है-**
(A) $\frac{15}{19}$ (B) $\frac{13}{20}$
(C) $\frac{13}{17}$ (D) $\frac{15}{17}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**148. 100 मीटर ऊंचे टावर के शीर्ष से एक व्यक्ति एक कार को टावर की तरफ आता हुआ देखता है, जिसका अवनमन कोण 30° है। कुछ समय बाद अवनमन कोण 60° हो जाता है। इस दौरान कार द्वारा तय की गई दूरी (मीटर में) है?**
(A) $^{100}\sqrt{3}$ (B) $^{200}\sqrt{3}$
(C) $\frac{^{100}\sqrt{3}}{3}$ (D) $\frac{^{200}\sqrt{3}}{3}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**149.** $cosec(65^0 + \theta) - cot(25^0 - \theta) - sec(25^0 - \theta) + tan(65^0 + \theta) =$
(A) 0 (B) 1
(C) -2 (D) 2
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**150.** $1 - \frac{\sin^2\theta}{1+\cos\theta} + \frac{1+\cos\theta}{\sin\theta} - \frac{\sin\theta}{1-\cos\theta} =$
(A) $\sin\theta$ (B) $\cos\theta$
(C) 0 (D) 1
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**





लक्ष्य क्लासेज उदयपुर
बेहतरीन कंटेंट युक्त लक्ष्य क्लासेज के प्रमुख बुक सेट्स
CET 12th Level 7 BOOKS COMBO
REET 6 BOOKS COMBO
सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™
Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)
M. 6376957258, 6376491126